चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2155
दिनांक : 22.12.23

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 03.01.2024 तक विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/2094, दिनांक 13.12.2023 के द्वारा अनुक्रम में एतद्द्वारा सूचित किया गया था कि **परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0/एम0एड0/बी0पीएड0/एम0पी0एड0/मेडिकल/पैरामेडिकल/ए0आई0सी0टी0ई0 अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर)** के समस्त छात्र/छात्रायें जिनकी वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (एन0ई0पी0 प्रणाली सहित) वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तथा परीक्षाफल भी घोषित हो चुका है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है। ऐसे सभी छात्र/छात्रायें दिनांक 26.12.2023 तक छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं। **उक्त तिथि को छात्रहित में दिनांक 03.01.2024 तक विस्तारित कर दिया गया है।**

उक्त श्रेणी में आने वाले सभी छात्र/छात्रायें ऑफलाईन विश्वविद्यालय परिसर स्थित इण्डियन बैंक में एवं ऑनलाईन www. ccsuniverstiy.ac.in की वेबसाइट के Student Section में जाकर छूटे हुए Practical/Viva का निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। तत्पश्चात् उक्त छात्र/छात्राओं को संलग्न प्रारूप पर अपना प्रत्यावेदन महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर अंकतालिका की छायाप्रति, प्रवेश–पत्र की छायाप्रति व शुल्क जमा की रसीद संलग्न कर गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर दिनांक 03.01.2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

श्रेणी	विवरण	शुल्क	कुल योग
A	ऐसे छात्र/छात्रा जो कालबाधित (TIME BARRED) की श्रेणी में नहीं आते है	रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष।	रू0 1,500/–
B	एक वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र/छात्रा	रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू 5,000/– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क।	रू0 1,500/–
C	दो वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र/छात्रा	रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू0 10,000/– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क।	रू0 11,500/–

उक्त नियत तिथि के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा का आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु तिथि व केन्द्र निर्धारित किये जायेगें जिसकी सूचना पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.ccsuniverstiy.ac.in पर अपलोड की जायेगी। छात्रों से अपेक्षा है कि उक्त वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

नोटः–1.व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के आवेदन कमरा न0–308 में जमा कराना सुनिश्चित करें।
2.परम्परागत पाठ्यक्रमों के आवेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः प्रारूप।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कालेज के सूचना पट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों/संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि उक्त तिथि तक छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा का शुल्क जमा करने का कष्ट करें।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1121

–आवेदन का प्रारूप–

छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु

पाठ्यक्रम / कक्षा (CLASS)--------------------

	विवरण	अग्रेजी के बड़े अक्षरो में अंकित करें
1.	अनुक्रमांक	
2.	नामांकन संख्या	
3.	परीक्षार्थी का नाम	
4.	पिता का नाम	
5.	छूटी हुयी प्रयो0 / मौ0 परीक्षा का वर्ष	
6.	पाठ्यक्रम का सेमेस्टर / वर्ष (I, II, III ,IV----)	
7.	विषय का नाम	
8.	छूटी हुयी परीक्षा विषय कोडों का नाम	
9.	महाविद्यालय का कालेज कोड	
10.	महाविद्यालय का नाम	
11.	मोबाईल न0	
12.	जमा शुल्क का योग	
13.	बैंक में जमा शुल्क रसीद की दिनांक	
14.	संलग्नकः– 1. प्रवेश पत्र की छाया प्रति 2. प्रथम ईयर / सेमेस्टर की अंकतालिका की छाया प्रति 3. छूटी हुयी प्रयो0 / मौ0 परीक्षा (जिसमे अनुपस्थित है) की अंकतालिका की छाया प्रति 4. बैंक में जमा शुल्क की मूल रशीद (विश्वविद्यालय प्रति)	

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

प्राचार्य / प्रचार्या द्वारा अग्रसारित
कालेज की मुहर सहित